दिनांक 15 जुलाई 2021

स्वच्छ और सुंदर भिलाई

बीएसपी क्षेत्र में डेंगू मरीज के परिजन से मुलाकात करने सेक्टर 5 स्थित पीड़ित के निवास पहुंचे निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी

- आयुक्त के निर्देश पर डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए सेक्टर 5 में घर-घर चला अभियान

-डेंगू मरीज की ट्रैवलिंग हिस्ट्री दल्ली राजहरा से आने के बाद हुआ बुखार

भिलाई नगर/ आज भिलाई निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी टाउनशिप क्षेत्र में डेंगू पीड़ित मरीज के परिजनों से मिलने उनके निवास सेक्टर 5 पहुंचे! इस दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली भी मौजूद थे! आयुक्त श्री रघुवंशी ने परिजन से मरीज का हालचाल जाना और जल्द स्वस्थ होने की कामना की! परिजन से चर्चा करते हुए उन्होंने टेमीफास् की उपलब्धता और उपयोग करने की जानकारी ली! डेंगू की रोकथाम के लिए जागरूक करते हुए आयुक्त महोदय ने परिजनों से कहा कि सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें , डेंगू उन्मूलन के लिए सतर्कता के साथ ही जागरूकता भी जरूरी है! पानी को पात्रों में ज्यादा दिन तक स्टोर न होने दें, कूलर एवं अन्य पात्रों के पानी को निरंतर चेक करते रहे, घर के भीतर परिसर में तथा आसपास भी स्थल स्वस्थ रहे ताकि मच्छरों को छिपने की जगह न मिले, कहीं भी पानी का जमाव न हो जिससे लार्वा को पनपने का अवसर नहीं मिलेगा! उन्होंने आसपास के कई घरों के कूलर एवं पात्रों की जांच कराई तथा समीपस्थ क्षेत्रों का निरीक्षण किया! सेक्टर 5 में डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए चलाए जा रहे घर-घर सर्वे अभियान की रिपोर्ट की समीक्षा उन्होंने स्पॉट पर की!

मरीज की ट्रैवलिंग हिस्ट्री दल्ली राजहरा से आने के बाद आया बुखार सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त रिपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यक्ति जो कि सेक्टर 5 का निवासी है निजी कारणों से 8 जुलाई 2021 को दल्ली राजहरा, जिला-बालोद गया था! दूसरे दिन 9 जुलाई 2021 को उन्हें बुखार आया! जिसके बाद जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय सेक्टर 9 में परीक्षण के दौरान डेंगू पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई!

आयुक्त श्री रघुवंशी के निर्देश पर सेक्टर 5 क्षेत्र में डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम को लेकर घर-घर चला अभियान निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर सेक्टर 5 क्षेत्र में निगम की डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम की टीम ने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह के साथ सेक्टर 5 डेंगू पीड़ित घर के समीपस्थ के 190 घरों का सर्वे करते हुए अभियान चलाया! जिसमें से 135 घरों के कूलर में टेमीफास् का छिड़काव , 205 टंकी, कूलर, टायर व अन्य पात्रों की जांच , 65 कूलर, टंकी एवं पात्रों को खाली कराने का कार्य , मच्छरों को नष्ट करने के लिए मेलाथियान दवाई का छिड़काव , डेंगू, मलेरिया, पीलिया संबंधी बीमारियों से जागरूक रहने के लिए पंपलेट का वितरण एवं जन जागरूकता अभियान , टेमीफास् वितरण एवं रिफिलिंग का कार्य किया गया!

जनसंपर्क अधिकारी